# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2023-24ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER – 2023-24

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)
## Subject : Third Language — HINDI (NCERT)

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60-H**

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] **Subject Code : 60-H**

**CCE-RF : ಶಾಲಾ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು / Regular Fresh**

---

*परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'उपस्थिति' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) स्थिति (B) अनुपस्थिति

(C) नाउपस्थिति (D) दुरुपस्थिति

2. 'रोटी' शब्द का बहुवचन रूप है –

(A) रोटी (B) रोटे

(C) रोटों (D) रोटियाँ

3. 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) सागर (B) नदी

(C) नहर (D) झील

4. बच्चे अभी छोटे हैं।

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्ण विराम

(C) अल्प विराम (D) विस्मयादि बोधक

5. निम्न में से प्रत्यय युक्त शब्द है –

(A) अज्ञात (B) बेहोश

(C) वैचारिक (D) सुकोमल

6. 'विद्यालय' शब्द में संधि है –

(A) गुण (B) दीर्घ

(C) यण् (D) विसर्ग

7. निम्न में से द्वंद्व समास का उदाहरण है –

(A) लोकप्रिय (B) राष्ट्रपति

(C) त्रिनेत्र (D) माता – पिता

8. कानून भंग .......... काम शुरू हुआ।

उपर्युक्त वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है –

(A) का (B) के

(C) की (D) को

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए :** **4 × 1 = 4**

| अ | | ब | |
|---|---|---|---|
| 9. | धरती | a) | 1965 में |
| 10. | आत्मत्राण | b) | बाइबिल |
| 11. | मेरा नाम जोकर | c) | कुरआन |
| 12. | सोलोमन | d) | दुलहन |
| | | e) | 1966 में |
| | | f) | रवींद्रनाथ ठाकुर |
| | | g) | निदा फ़ाज़ली |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक निदा फ़ाज़ली की माँ को क्यों दु:ख हुआ ?

14. कवि के अनुसार पशु-प्रवृत्ति कौन-सी है ?

15. कवि रवींद्रनाथ ठाकुर ने 'करुणामय' किसको कहा है ?

16. बंबई के बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र को पीछे क्यों धकेल रहे थे ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का अभिप्राय क्या था ?

18. शैलेंद्र के 'तीसरी कसम' फिल्म को कौन-कौनसे पुरस्कार प्राप्त हुए ?

19. लेखक निदा फ़ाज़ली की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा ?

20. कवि मैथिलीशरण गुप्त ने कविता में मृत्यु के बारे में क्या बताया है ?

21. शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए ?

22. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुलहन क्यों कहा गया है ?

23. हरिहर काका के गाँव में स्थित प्रमुख स्थान कौन-कौनसे हैं ?

**अथवा**

हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के लगने लगे थे, कैसे ?

24. पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था ?

**अथवा**

हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?

**V. क) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए : 9 × 3 = 27**

25. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।

26. हुज़ूर ! यह तो जनशांति भंग हो जाने जैसा कुछ दीख रहा है।

27. उड़ा दिए थे मैंने

अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. बड़े भाई साहब के स्वभावों का विवरण कीजिए।

29. धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया ? विवरण दीजिए।

30. निंदक को पास रखने के औचित्य पर कवि कबीर का राय स्पष्ट कीजिए।

31. मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार हैं, विवरण दीजिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।

भरै भौन मैं करत हैं नैननु हीं सब बात ।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

कबीर का जन्म 1398 में काशी में हुआ। वे गुरु रामानंद के शिष्य थे। उनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

वज़ीर अली कंपनी के वकील का कत्ल करने के प्रसंग का विवरण दीजिए।

[ Turn over

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

सौरभ फैला ..............................................

..............................................................

..............................................................

.................................................. गल गल !

**VII.** 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास मिला था। इसलिए वे लक्ष्मण और सीता के साथ पंचवटी में ठहरे हुए थे। राक्षसराजा रावण की बहन शूर्पणखा वहाँ आकर सीता का अपमान करने पर लक्ष्मण ने उसका नाक–कान काट लिया। शूर्पणखा चीखती–चिल्लाती रावण के पास पहुँची। रावण सीता के हरण की योजना बनाई। मारीच को सोने के हिरण के रूप में पंचवटी भेज दिया। सोने के हिरण को

देखकर सीता ने उसकी खाल लाने को श्रीराम से कहा। इसलिए श्रीराम हिरण के पीछे चल पड़े। जब श्रीराम ने अवसर पाकर सोने के हिरण पर तीर चलाया तो हिरण घायल मारीच के रुप में धरती पर गिरकर तड़पने लगा। अंत में श्रीराम से आशीर्वाद पाकर मारीच ने प्राण त्याग दिए।

**प्रश्न :**

अ) श्रीराम पंचवटी में क्यों ठहरे हुए थे ?

आ) शूर्पणखा चीखती–चिल्लाती हुई रावण के पास क्यों गई ?

इ) श्रीराम हिरण के पीछे क्यों चल पड़े ?

ई) मारीच क्यों तड़पने लगा ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) पर्यावरण

* प्रस्तावना
* प्रदूषण के कारण
* परिहारोपाय
* उपसंहार

ख) खेलों का महत्व

* प्रस्तावना

* खेलों के प्रकार

* खेलों से प्रयोजन

* उपसंहार

ग) मानवीयता

* प्रस्तावना

* महत्व

* आवश्यकता

* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. अस्वस्थता के कारण से चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधान अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

शाला शैक्षिक यात्रा के लिए 5,000/- रुपये भेजने की प्रार्थना करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE